मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

# (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

## केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

**दिनांक: 13 मार्च 2015**

# जोधपुर

## जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

| मौसमी तत्व / दिनांक | 13-03-14 | 14-03-14 | 15-03-15 | 16-03-15 | 17-03-15 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मि.मी.) | 3 | 9 | 4 | 2 | 0 |
| अधिकतम तापमान (°सेल्सियस) | 35 | 34 | 32 | 32 | 33 |
| न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस) | 18 | 18 | 19 | 19 | 18 |
| बादलों की स्थिति (ओक्टा) | 6 | 8 | 8 | 6 | 4 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह | 67 | 87 | 92 | 82 | 76 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम | 32 | 49 | 47 | 42 | 44 |
| हवा की गति (कि.मी/घंटा) | 10 | 12 | 9 | 12 | 10 |
| हवा की दिशा | दक्षिण–पश्चिम | दक्षिण–दक्षिण–पूर्व | पश्चिम | दक्षिण–दक्षिण–पूर्व | पश्चिम |

## मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

वर्षा की सम्भावना को देखते हुऐ किसान भाई सरसों, गेहूँ व जीरे की कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें तथा खेत में पड़ी फसल को तिरपाल से ढक कर रखें।

कुष्माण्ड कुल की फरवरी में बोई गई फसल में 55 किग्रा नत्रजन (110 किलो यूरिया) प्रति हैक्टर की दर से दें।

प्याज की फसल मे थ्रिप्स कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. या मैलाथियॉन 50 ई.सी. एक मि.ली. दवा का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

मौसम परिवतर्न के कारण चारे में बदलाव धीरे धीरे करें अन्यथा पशु में आफरा होने की संभावना बनी रहती है।

ब्याने वाले पशुओं को मिल्क फीवर से बचाने के लिए 50 से 60 ग्राम खनिज मिश्रण प्रति दिन दें। पशु ब्याने के 1–2 घन्टे के अन्दर नवजात बछडे–बछडियों का खीस अवस्य पिलाएं।